आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 22.02.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- राज्य विधानसभा में आज पर्वतीय क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था और जंगली जानवरों के आतंक का मुद्दा गरमाया।
- नई दिल्ली में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेला आज से शुरू। कृषि क्षेत्र में नवीनतम बीज किस्मों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन।
- चम्पावत पुलिस की अनूठी पहल, भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को शारीरिक और शैक्षिक दक्षता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

बजट सत्र बहस

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के पाचवें दिन आज पर्वतीय क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था और जंगली जानवरों के आतंक का मुद्दा गरमाया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने नियम 58 के तहत चर्चा में शिक्षा व्यवस्था की खामियां गिनाईं। उन्होंने शिक्षकों की कमी, फर्जी नामांकन, और जर्जर भवनों का मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने सरकार से शिक्षा सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की, जबकि कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाति ने सरकारी स्कूलों के समीप निजी विद्यालयों को मान्यता दिए जाने पर आपत्ति जताई। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्पष्ट किया कि राज्य में एक भी स्कूल बंद नहीं होगा और 2026 तक उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में 20 हजार 823 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 18 हजार 714 शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। धारचूला सहित अन्य क्षेत्रों में भी शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। वहीं, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि खटीमा विधानसभा क्षेत्र में जंगली जनवरों का डर रहता है। कई बार मांग की गई है कि सोलर लाइट लगाई जाए। आज भी कई लोग ऐसे हैं, जो इसका शिकार हुए उनको मुआवजा राशि नहीं मिली। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि जंगली जानवर से होने वाली मृत्यु पर पहले चार लाख दिए जाते थे, जिसको बढ़ाकर छह लाख किया गया है। उन्होंने बताया कि एक हजार से ज्यादा सोलर लाइट हॉटस्पॉट पर लगाई गई हैं। पिछले वर्ष 900 सोलर लाइट लगाई गई। लगातार सोलर लाइट लगाने में इजाफा हो रहा है।

बजट सत्र शोर—शराबा

राज्य विधानसभा में आज पहाड़–मैदान की टिप्पणी को लेकर शोर–शराबा हुआ। विपक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर असंसदीय भाषा के प्रयोग का आरोप लगाते हुए माफी की मांग की। कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने संसदीय कार्य मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि मंत्री द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग राज्य की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगाता है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से इस पर ठोस कार्रवाई की मांग की। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सदन में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही इस विषय पर स्पष्टीकरण दे दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में चल रहे हंगामे पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पहाड़–मैदान की बहस को तूल देने के बजाय उत्तराखंड के विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सभी सदस्यों से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि पूरा देश सदन की कार्यवाही देख रहा है और गलत व्यवहार से उत्तराखंड की छवि धूमिल होती है।

<u>बयान खेद</u>

वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कल सदन के भीतर दिए गए बयान पर खेद प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में रह रहे सभी लोग उनके परिवार है और परिवार के लोगों के समक्ष अनजाने में कही गई बात के लिए खेद प्रकट करने में उन्हें संकोच नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन के भीतर उनके द्वारा कही गई बात को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है।

<u>पूसा कृषि विज्ञान मेला</u>

पूसा कृषि विज्ञान मेला आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। तीन दिवसीय मेले का विषय उन्नत कृषि–विकसित भारत है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि खेती भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है।

<u>भर्ती तैयारी</u>

चम्पावत जिले में पुलिस की ओर से अनूठी पहल की जा रही है। इसके तहत भर्ती की तैयारी कर रहे जिलेभर के युवाओं के लिए भर्ती का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विभिन्न शाररिक और शैक्षिक दक्षता का  प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया किए चम्पावत पुलिस की ओर से दो माह पहले पुलिस लाइन के कुछ कर्मचारियों की मदद से जिलेभर के युवाओं के लिए शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

भर्ती तैयारी का प्रशिक्षण दे रहे अमित फर्त्याल ने बताया कि जिले के 92 युवाओं को दो पालियों में लम्बी कूद, दौड़, पुश–अप, चिनप आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
वहीं, भर्ती की तैयारी के लिए आये युवा अभिषेक सिंह दो महीने से यहां प्रशिक्षण ले रहे है। उन्होंने बताया कि उनमें काफी सुधार हुआ है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

## मतदाता जागरुकता रैली

मताधिकार के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन देहरादून से आज मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। रैली में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने 20 किलोमीटर दूरी पूरी करते हुए मतदाता जन–जागरुकता का संदेश दिया। इस दौरान 250 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मतदाता शपथ के साथ शुरु हुई, जिसके बाद साइकिल रैली पुलिस लाइन से आराघर चौक, ईसी रोड, राजपुर रोड, कैनाल रोड और काटबंग्ला पुल से वापस पुलिस लाइन पंहुची। रैली में शामिल सबसे अधिक और सबसे कम आयुवर्ग के लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि रैली का उद्देश्य मतदाताओं को उनके स्वास्थ्य और मताधिकारों के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से माहवार गतिविधियों का कैलेंडर भी तैयार किया गया है।

## मॉस्को दल शांतिकुंज

मास्को रूस से दस सदस्यीय दल हरिद्वार के शांतिकुंज पहुंचा। इस दल में उच्च प्रशिक्षित व आईटी प्रोफेशनल्स शामिल हैं और सभी युवा हैं। वे महाकुंभ प्रयागराज दर्शन स्नान के बाद गायत्री तीर्थ आये हैं। उन्होंने यहां गायत्री का लघु अनुष्ठान सम्पन्न किया और गायत्री महायज्ञ व साधना में भाग लिया। उनके लिए यह यात्रा एक सीख और आध्यात्मिक अनुभव का अवसर बन रही है।